सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	ज्येष्ठ 25, मंगलवार, *शाके* 1943–जून 15, 2021 *Jyaistha 25, Tuesday, Saka 1943- June 15, 2021*	

भाग-7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुये सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग

अधिसूचना

जयपुर, अप्रैल 08, 2021

संख्या रा.वि.वि. आयोग/सचिव/विनियम-144 विद्युत अधिनियम 2003 (2003 का 36वां) की धारा 61, 66, 86 (1)(ई) सपठित धारा 181 द्वारा प्रदत शक्तियों और उस निमित उसे प्रभावी बनाने वाली समस्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग, पूर्व प्रकाशन के पश्चात्, ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्रों के लिये एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है।

1 **लघुशीर्षक, प्रयोज्यता तथा प्रारम्भण**

1.1 ये विनियम, ''राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र) विनियम, 2021'' कहलायेंगे।

1.2 ये विनियम सम्पूर्ण राजस्थान राज्य के लिये विस्तारित होंगे।

1.3 ये विनियम शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे।

1.4 ये विनियम राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (रूफ टॉप तथा लघु सौर ग्रिड पारस्परिक क्रिया तन्त्र हेतु संयोजित तथा नेट मीटरिंग) विनियम, 2015 और उसके बाद के संशोधनों सहित प्रवृत रहेंगे।

बशर्ते कि 30 जून, 2021 तक नेट मीटरिंग व्यवस्थाओ के अन्तर्गत प्रारम्भ हुए रूफ टॉप तथा लघु सौर ग्रिड पारस्परिक क्रिया तन्त्र राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (रूफ टॉप तथा लघु सौर ग्रिड पारस्परिक क्रिया तन्त्र हेतु संयोजिता तथा नेट मीटरिंग) विनियम, 2015 और उसके पश्चातवर्ती संशोधनों के अनुसार शासित होंगे।

2. **परिभाषायें**

2.1 इन विनियमों में, जब तक कि सन्दर्भ द्वारा अन्यथा अपेक्षित नहीं हैः

(क) ''अधिनियम'' से तात्पर्य विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36 वां) तथा उसके पश्चातवर्ती संशोधनों से होगा;

(ख) ''बिलिंग चक्र'' या '' बिलिंग अवधि'' से तात्पर्य, आयोग द्वारा निर्धारित उक्त अवधि से होगा, जिसके लिए अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उपभोक्ताओं की भिन्न-भिन्न श्रेणियों के लिए नियमित विद्युत बिल तैयार किये जाते है;

(ग) ''चैक मीटर'' का अभिप्राय ऐसे मीटर से है जो करण्ट ट्रांसफार्मर (सीटी) एवं वोल्टेज ट्रांसफार्मर (वीटी) की उन्हीं कोरों से सम्बद्ध होगा, जिससे मुख्य मीटर जुड़ा हुआ है और उसका उपयोग मुख्य नेट मीटर या अक्षय ऊर्जा उत्पादन मीटर की विफलता के मामले में विद्युत के लेखांकन और बिलिंग के लिये किया जायेगा;

(घ) ''आयोग'' से तात्पर्य अधिनियम के अन्तर्गत गठित राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग से होगा;

(ड.) ''सम्बन्द्ध भार'' से तात्पर्य उपभोक्ता परिसर पर ऊर्जा उपभोग करने वाले सभी यन्त्रों, जिन्हें एक साथ संचालित किया जा सके, की रेटेड क्षमता के योग से होगा। किन्ही प्रभारों के उद्ग्रहण तथा आपूर्ति वोल्टेज निर्धारित करने के प्रयोजनार्थ, सम्बद्ध भार का विनिर्धारण, राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत प्रदाय कोड तथा सम्बद्ध मामले) विनियम, 2021 तथा उसके पश्चातवर्ती संशोधनों में विहित पद्धति के अनुसार किया जायेगा;

(च) ''कनेक्शन अनुबन्ध'' से तात्पर्य वितरण अनुज्ञप्तिधारी तथा उपभोक्ता द्वारा किये गये अनुबन्ध से होगा;

(छ) इन विनियमों के प्रयोजनार्थ ''अनुबंधित मांग'' का अभिप्राय है किलोवाट ('kW') या किलोवोल्ट एम्पीयर ('kVA') या हार्स पावर ('HP') की मांग, जैसा कि वितरण लाइसेंसधारी और उपभोक्ता के बीच पारस्परिक रूप से सहमत है, और राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत प्रदाय कोड तथा सम्बद्ध मामलें) विनियम, 2021 और उसके पश्चातवर्ती संशोधनों के अनुसार वितरण अनुज्ञप्तिधारी के साथ समझौते में

यथाप्रविष्ट किया गया है या जहां इस तरह के समझौते में अनुबंध मांग नहीं दी गयी है तो स्वीकृत भार के समान;

(ज) ''वितरण अनुज्ञप्तिधारी'' या ''अनुज्ञप्तिधारी' से तात्पर्य अधिनियम की धारा 14 के अन्तर्गत जिस व्यक्ति को उसके आपूर्ति क्षेत्र में विद्युतापूर्ति हेतु वितरण तन्त्र के संचालन तथा संधारण करने हेतु अनुज्ञप्ति स्वीकृत की गयी हो या अधिनियम की धारा 14 के अनुसार मानित अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति से होगा।

(झ) ''विद्युत प्रदाय कोड'' से तात्पर्य अधिनियम की धारा 50 के अन्तर्गत निर्धारित विद्युत प्रदाय कोड तथा उसके पश्चातवर्ती संशोधनों से होगा।

(ञ) ''पात्र उपभोक्ता'' से तात्पर्य वितरण अनुज्ञप्तिधारी के आपूर्ति क्षेत्र कें विद्युत के किसी उस उपभोक्ता से होगा, जो उपभोक्ता के परिसर से अधिष्ठापित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र का उपभोक्ता की स्वयं की सभी वैद्युतीय आवश्यकताओं के किसी भी भाग के लिये नहीं या सभी या कुछ भाग को ऑफ सेट करने के लिए उपयोग करता है या उपयोग करना प्रस्तावित करता है यह देखते हुए कि ऐसी तंत्र का स्वामित्व और/या संचालन ऐसे उपभोक्ता या वितरण अनुज्ञप्तिधारी या रेस्को द्वारा किया जा सकता है;

(ट) ''वितीय वर्ष'' या ''वर्ष'' से तात्पर्य किसी अंग्रेजी कैलेण्डर वर्ष में अप्रेल के प्रथम दिवस से प्रारम्भ होकर तथा अगले वर्ष के मार्च के इक्कतीसवें दिवस को समाप्त होने वाली अवधि से है;

(ठ) ''अन्तःसम्बन्ध बिन्दू'' का अभिप्राय है पात्र उपभोक्ता के परिसर में नियतमीटर/वितरण अनुज्ञप्तिधारी के कट-आउट/स्वीचगियर के आउट गोइंग टर्मिनलों के साथ अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र का इंटरफेसः

बशर्ते कि, उच्च आतति (एचटी) स्तर पर सम्बद्ध पात्र उपभोक्ता के मामले में, ''अन्तःसम्बन्ध बिन्दू'' का अभिप्राय इस प्रकार के उपभोक्ता के उपकरणों के समक्ष वितरण अनुज्ञप्तिधारी के मीटरिंग क्यूबिकल के आउट गोइंग टर्मिनलों के साथ अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र के इंटरफेस से होगा;

(ड) ''बिल'' से तात्पर्य वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा दिये गये या तो किसी आवर्ती बिल/अनुपूरक बिल या आवर्ती बीजक/अनुपूरक बीजक से है;

(ढ़) ''केवीएएच'' से तात्पर्य किलोवोल्ट एम्पीयर आवर से है;

(ण) ''केडब्ल्यूपी'' से तात्पर्य किलोवाट पीक से है;

(त) ''एमएनआरई'' का अभिप्राय भारत सरकार के नवीन तथा नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से है;

(थ) ''नेट बिलिंग'' का अभिप्राय ऐसी व्यवस्था से है जिसके अन्तर्गत अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र द्वारा उत्पादित ऊर्जा का वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा क्रय किया जाता है और वितरण अनुज्ञप्तिधारी लागू टैरिफ पर कुल उत्पादित विद्युत के लिये क्रेडिट देने के पश्चात् स्वीकृत खुदरा आपूर्ति टैरिफ पर उपभोक्ता का उसके उपभोग के लिये बिल तैयार करता है;

(द) ''नेट मीटर'' से तात्पर्य विद्युत के आयात तथा निर्यात दोनों को अंकित करने वाले द्वि-दिशात्मक ऊर्जा मीटर या विद्युत के आयात तथा निर्यात, यथा स्थिति, प्रत्येक को अंकित कर सकने वाले मीटरों के जोड़े से है;

(ध) ''नेट मीटरिंग व्यवस्था'' का अभिप्राय ऐसी व्यवस्था से है जिसके अन्तर्गत पात्र उपभोक्ता के परिसर पर अधिष्ठापित नेट मीटर के साथ अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र, लागू बिलिंग अवधि के दौरान ऐसे अनुज्ञप्तिधारी द्वारा आपूर्ति की गयी विद्युत की मात्रा को पृथक करने के पश्चात् वितरण अनुज्ञप्तिधारी को अधिषेश विद्युत, यदि कोई हो, प्रदान करता है;

(न) ''बाध्यकारी ईकाई (ओबलीगेटेड एन्टीटि)'' से तात्पर्य अधिनियम की धारा 86 की उप-धारा (1) के वाक्यांश (ई) के अन्तर्गत अक्षय क्रय बाध्यता पूरी करने तथा राविविआ (अक्षय ऊर्जा प्रमाण पत्र तथा अक्षय क्रय बाध्यता अनुपालना तथा ढॉचा) विनियम, 2010 एवं यथा संशोधित के अन्तर्गत, अभिज्ञात आदेशाधीन ईकाई से है;

(प) ''परिसर'' से तात्पर्य भूमि, रूफ टॉप या भवन या अवसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) या हिस्से या उनके संयोजन पर तथा उत्थापित क्षेत्र, जिनके लिये वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा विद्युत की आपूर्ति हेतु पृथक मीटर या मीटरिंग व्यवस्था की गयी है, से है;

(फ) ''अक्षय ऊर्जा प्रमाण पत्र (आरइसी)'' से तात्पर्य केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिये नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण पत्र की मान्यता तथा उन्हें जारी करने के लिये निबन्धन तथा शर्तें) विनियम, 2010 तथा उसके पश्चातवर्ती संशोधनों के अनुसार, जारी किये प्रमाण पत्र से है;

(ब) ''अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र'' का अभिप्राय पारम्परिक उत्पादन तंत्रो के अतिरिक्त उन उत्पादन तंत्रो से है जो अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों से, भंडारण सहित या भंडारण के बिना विद्युत का उत्पादन कर रहे हैं;

(भ) ''अक्षय ऊर्जा स्त्रोत'' का इन विनियमों के प्रयोजनार्थ, अभिप्राय पन, पवन, सौर, बायोमास, बैगास, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट तथा इस प्रकार के अन्य स्त्रोत से हैं जो एमएनआरई द्वारा समय-समय पर यथानुमोदित है;

(म) ''रेस्को'' का अभिप्राय अक्षय ऊर्जा सेवा कम्पनी से है जिसके पास अक्षय ऊर्जा तंत्र का स्वामित्व है और उपभोक्ता को अक्षय ऊर्जा प्रदान करती है;

बशर्ते कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी यथा रेस्को के कार्य कर सकता है। तथापि, इस व्यवसाय को वितरण अनुज्ञप्तिधारी के अन्य व्यवसाय के रूप में माना जायेगा;

(य) ''अक्षय ऊर्जा उत्पादन मीटर'' अभिप्राय ऐसे ऊर्जा मीटर से है जिसका उपयोग लेखांकन और बिलिंग के उदेश्य से अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र द्वारा उत्पन्न ऊर्जा को मापने के लिये किया जाता है;

(र) ''स्वीकृत भार'' का अभिप्राय किलोवाट या हार्स पावर में मांग से है जो कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी और उपभोक्ता के मध्य पारस्परिक रूप से सहमत है;

(ल) ''निपटान की अवधि'' का अभिप्राय उस अवधि से है जिसके अंत में वितरण अनुज्ञप्तिधारी और उपभोक्ता के मध्य नेट मीटरिंग/नेट बिलिंग निपटारा होता है, जो सामान्यतः एक कैलेण्डर वर्ष के अप्रेल के पहले दिन से प्रारम्भ होता है और अगले कैलेण्डर वर्ष के मार्च के इक्कतीसवें दिन के साथ समाप्त होता है;

(व) ''भंडारण'' का अर्थ है ऊर्जा भंडारण तंत्र जिसमें ऊर्जा के विभिन्न रूपों को संग्रहीत करने और संग्रहीत ऊर्जा को विद्युत के रूप में वितरित करने के लिए ठोस अवस्था बैटरी, फ्लो बैटरी, पंप किये गये भंडारण, संपीड़ित वायु, ईंधन सेल, हाइड्रोजन भंडारण जैसी विधियों और प्रौद्योगिकियों या कोई अन्य प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाता हैः

2.2 इन विनियमों में प्रयुक्त और इनमें परिभाषित नहीं किये गये परन्तु अधिनियम या आयोग के किन्हीं अन्य विनियमों में परिभाषित शब्दों एवं अभिव्यक्तियों का अभिप्राय वही होगा जो अधिनियम या आयोग के किन्हीं अन्य विनियमों में नियत किया गया है।

2.3 इन विनियमों में उपयोग में लिये गये संक्षेपणों का अर्थ वहीं होगा जो अनुलग्नक-I में उल्लेखित है।

3. **विषय क्षेत्र तथा प्रयोज्यता**

3.1 ये विनियम राजस्थान राज्य में वितरण अनुज्ञप्तिधारी तथा ऐसे वितरण अनुज्ञप्तिधारी के आपूर्ति के क्षेत्र में आपूर्ति का उपभोग कर रहे उपभोक्ताओ पर प्रयुक्त होंगे।

3.2 ये विनियम निम्न पर लागू होंगेः

(क) नेट मीटरिंग व्यवस्थाये,

(ख) नेट बिलिंग व्यवस्थाये,

(ग) मीटर के पीछे सम्बद्ध ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र जो वितरण अनुज्ञप्तिधारी के ग्रिड के साथ समानान्तर संचालित हो रहा है और जिसने नेट मीटरिंग व्यवस्था या नेट बिलिंग व्यवस्था के विकल्प का चयन नहीं किया हैः

बशर्ते कि नेट मीटरिंग व्यवस्था के लिये पात्रता समय-समय पर संशोधित विद्युत (उपभोक्ता के अधिकार) नियम, 2020 के अन्तर्गत निर्देशित के अनुसार होगीः

बशर्ते यह भी कि विद्युत (उपभोक्ता के अधिकार) नियम, 2020 के कार्यान्वहन के प्रयोजनार्थ यदि आवश्यक हो तो आयोग, जैसे ही और जब अपेक्षित हो, आवश्यक या आदेश जारी कर सकता हैः

बशर्ते यह भी कि पात्र उपभोक्ताओं के लिये नेट मीटरिंग व्यवस्था को तकनीकी व्यवहार्यता के अध्यधीन अनुमत किया जायेगाः

बशर्ते यह भी कि एक मेगावाट अधिष्ठापित क्षमता तक के सह-स्थित अक्षय ऊर्जा आधारित कैप्टिव विद्युत संयंत्र इन विनियमों या राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (अक्षय ऊर्जा स्त्रोंतो से टैरिफ विनिर्धारण हेतु निबन्धन एवं शर्ते) विनियम, 2020 के अधीन स्थापित होने के विकल्प का चयन कर सकते हैः

बशर्ते यह भी कि ऐसा विकल्प, एक बार चुनने के पश्चात् बदला नहीं जा सकता है।

3.3 पात्र उपभोक्ता विनियम 3.2 के अधीन परन्तुक के अध्यधीन नेट मीटरिंग व्यवस्था या नेट बिलिंग व्यवस्था के अन्तर्गत अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र स्थापित कर सकते है जो कि

(क) इन विनियमो के अन्तर्गत, यथापरिभाषित अनुज्ञेय तकनीकी सीमाओं के अन्दर-अन्दर होगी,

(ख) उपभोक्ता के परिसर पर अवस्थित होगी,

(ग) उपभोक्ता परिसर के अर्न्तसम्बन्ध बिन्दू पर जुडेगी और वितरण अनुज्ञप्तिधारी के नेटवर्क के साथ समानान्तर सुरक्षित रूप से संचालित होगी।

3.4 ये विनियम सभी ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र जो 1 जुलाई 2021 को या उसक पश्चात् कमीशन हुए हैं, पर लागू होंगे।

बशर्ते कि 30 जून 2021 तक नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत प्रारम्भ हुए रूफ टॉप एवं लघु सौर ग्रिड पारस्परिक क्रिया तंत्रों राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (रूफ टॉप तथा लघु सौर ग्रिड पारस्परिक क्रिया तन्त्र हेतु संयोजित तथा नेट मीटरिंग) विनियम, 2015 और उसके पश्चातवर्ती संशोधनों के प्रावधानों के अनुसार कनेक्शन समझौते की अवधि तक नेट मीटरिंग व्यवस्था के अधीन कार्य करती रहेगी।

बशर्ते यह भी कि उपभोक्ता जिसने इन विनियमों की अधिसूचना के पूर्व या पश्चात् नेट मीटरिंग व्यवस्था के लिये विकल्प चुना है, को नेट मीटरिंग व्यवस्था के अधीन विद्यमान कनेक्शन समझौते के समापन के पश्चात् ही नेट बिलिंग व्यवस्था में प्रविष्ट होने की अनुमति दी जायेगी।

3.5 ये विनियम राज्य (नोडल) एजेन्सी या राज्य के वितरण अनुज्ञप्तिधारी के वैकल्पिक कार्यविधि के माध्यम से, 1 मेगावाट या अधिक क्षमता के अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र को प्रारम्भ करने के अधिकार को प्रतिबंधित नहीं करते हैं।

4. **सामान्य सिद्धान्त**

4.1 वितरण अनुज्ञप्तिधारी, उस उपभोक्ता, जो इसके आपूर्ति के क्षेत्र में पारस्परिक वितरित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र अधिष्ठापित करने की ईच्छा व्यक्त करता है, को नेट बिलिंग व्यवस्था या नेट मीटरिंग व्यवस्था के प्रावधान, अभेदात्मक तथा ''पहले आओ पहले पाओ'' के आधार पर प्रदान करेगा।

बशर्ते कि उपभोक्ता इन विनियमों के अन्तर्गत, यथानिर्धारित तकनीकी सीमा के अध्यधीन ग्रिड पारस्परित वितरित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र अधिष्ठापित करने के लिये पात्र है।

बशर्ते यह भी कि ऐसे तन्त्र का ग्रिड के साथ अन्तर्सम्बन्ध इन विनियमों के अन्तर्गत यथानिर्धारित और समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (वितरित विद्युत उत्पादन संसाधनों के संयोजन के लिये तकनीकी मानक) विनियम, 2013 की अनुपालना में किया जायेगा।

4.2 वितरण अनुज्ञप्तिधारी के पास बकाया राशि वाले उपभोक्ता इन विनियमों के अधीन नेट बिलिंग व्यवस्था या नेट मीटरिंग व्यवस्था के लिये पात्र नहीं होंगेः

बशर्ते कि जहां विद्युत के लिये किसी भी प्रभार से सम्बन्धित वितरण अनुज्ञप्तिधारी और उपभोक्ता के मध्य कोई विवाद है, ऐसे उपभोक्ता को अधिनियम की धारा 56 के अनुसार वितरण अनुज्ञप्तिधारी के पास विवादित राशि जमा कराने पर ऐसे विचाराधीन विवाद के समाधान के बकाया रहते हुए नेट मीटरिंग या नेट बिलिंग व्यवस्था की अनुमति दी जायेगी।

5. **रेस्को द्वारा स्थापित ग्रिड पारस्परिक क्रिया वितरित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र**

5.1 विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के अनुसार, व्यक्तिगत उपभेक्ताओं को विद्युत का विक्रय केवल वितरण अनुज्ञप्तिधारी, टेडिंग अनुज्ञप्तिधारी या खुला अभिगम के माध्यम से ही अनुमत किया जाता है। तथापि, अक्षय ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिये, अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र के स्वामित्व वाली अक्षय ऊर्जा सेवा कम्पनी (रेस्को) के माध्यम से नेट मीटरिंग और नेट बिलिंग व्यवस्था की अनुमति दी जायेगीः

बशर्ते कि पात्र उपभोक्ता नेट बिलिंग व्यवस्था या नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की स्थापना के लिये रेस्को को पारस्परिक वाणिज्यिक व्यवस्था के अन्तर्गत रूफटाप (छत) जगह/भूमि/जल निकायों को पटटे/किराये पर दे सकते हैः

बशर्ते यह भी कि नेट मीटरिंग और नेट बिलिंग व्यवस्था के अन्तर्गत, रेस्को अपने भुगतान के सम्बन्ध में उपभोक्ता के साथ सीधे ही समझौता करेगा। रेस्को, उपभोक्ता और वितरण अनुज्ञप्तिधारी के मध्य कोई त्रिपक्षीय समझौता नहीं होगा। यहां तक कि रेस्कों के मामले में, नेट मीटरिंग/नेट बिलिंग समझौता वितरण अनुज्ञप्तिधारी और पात्र उपभोक्ता के मध्य निष्पादित होगाः

बशर्ते यह भी कि प्रत्यक्ष समझौते के अधीन संविदात्मक दायित्वों से उत्पन्न हुए उपभोक्ता एवं रेस्को के मध्य विवाद उनके द्वारा पारस्परिक रूप से निपटाया जायेगा और आयोग या वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अधिनिर्णीत नहीं किया जायेगा। वितरण अनुज्ञप्तिधारी, ऐसे विवाद का पक्षकार नहीं होगा और उपभोक्ता एवं रेस्को के मध्य ऐसे विवाद से उत्पन्न होने वाले आधार पर ऐसे उपभोक्ता का विद्युत सम्बन्ध का विच्छेदन नहीं करेगा।

5.2 इन विनियमों के अधीन सभी प्रावधान रेस्को द्वारा स्थापित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र के लिये लागू होंगे।

6. **अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की संयोजिता (कनेक्टीविटी)**

6.1 किसी ट्रान्सफार्मर विशेष पर अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की संचयी क्षमता ऐसे वितरण ट्रान्सफार्मर की क्षमता के 50 प्रतिशत या समय-समय पर आयोग द्वारा निर्धारित की जाने वाली ऐसी सीमा से अधिक नहीं होगीः

बशर्ते कि उच्च आतिति उपभोक्ताओं के मामलें में, जहां पर वितरण ट्रांसफार्मर उपभोक्ता द्वारा अधिष्ठापित किया गया है, 50 प्रतिशत वितरण ट्रांसफार्मर क्षमता की सीमा लागू नहीं होगी। ऐसे उपभोक्ताओं के लिये कुल स्वीकार्य स्थापना क्षमता इन विनियमों के विनियम 7.2 के अनुसार होगी।

6.2 वितरण अनुज्ञप्तिधारी नेट बिलिंग व्यवस्था या नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र को जोड़ने के लिये उपलब्ध वितरण ट्रांसफार्मर स्तर की क्षमता के बारे में सूचना को वार्षिक आधार पर अद्यतन करेगा और सूचना को अपनी वेबसाइट पर प्रदशित करेगा।

7. **पात्र उपभोक्ता तथा व्यष्टि परियोजना क्षमता**

7.1 वितरण अनुज्ञप्तिधारी के आपूर्ति के क्षेत्र में विद्युत के, अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र रखने या अधिष्ठापना प्रस्तावित करने वाले सभी पात्र उपभोक्ता, इन विनियमों, के अनुसार नेट बिलिंग व्यवस्था या नेट मीटरिंग व्यवस्था के अध्यधीन ग्रिड संयोजिता के लिये विकल्प दे सकते है।

7.2 किसी भी पात्र उपभोक्ता के परिसर पर अधिष्ठापित किये जाने वाले अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की अधिकतम क्षमता, उपभोक्ता के/की स्वीकृत सम्बद्ध भार/संविदा मांग के 100 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

बशर्ते कि अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की क्षमता, राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत प्रदाय कोड तथा सम्बद्ध मामले) विनियम, 2021 तथा उसके पश्चातवर्ती संशोधनो के अन्तर्गत, अनुज्ञेय स्वीकृत भार या संविदा मांग से सम्बन्धित प्रावधानो के अनुरूप होगी।

7.3 किसी भी पात्र उपभोक्ता के परिसर में अधिष्ठापित किये जाने वाली अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की क्षमता विनियम 7.2 में यथा निर्धारित शर्तो के अध्याधीन नेट मीटरिंग व्यवस्था या नेट बिलिंग व्यवस्था के अन्तर्गत एक किलोवाट से अधिक होगी।

बशर्ते कि किसी भी पात्र उपभोक्ता के परिसर में अधिष्ठापित किये जाने वाले अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की क्षमता नेट बिलिंग व्यवस्था या नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत एक मेगावाट तक होगी।

बशर्ते यह भी कि यदि पात्र उपभोक्ता एक मेगावाट से अधिक की क्षमता वाली अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र को अधिष्ठापित करने का आशय रखता है तो ऐसी व्यवस्थाओं के निबन्धन एवं शर्ते राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (अक्षय ऊर्जा स्त्रोंतो से टैरिफ विनिर्धारण हेतु निबन्धन एवं शर्ते) विनियम, 2020 और उसके पश्चातवर्ती संशोधनों से शासित होगी।

7.4 किसी भी पात्र उपभोक्ता के परिसर में अधिष्ठापित किये जाने वाली अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की क्षमता की अधिकतम क्षमता इन विनियमों में यथा विनिर्दिष्ट सम्बन्धित वितरण ट्रांसफार्मर की संचयी क्षमता जो कि पहले से ही उपयोग की गयी है, के अध्यधीन होगी।

7.5 उच्च आतति (11 केवी और अधिक) उपभोक्ता अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र को स्थापित कर सकते है और अपनी एलटी बस-बार प्रणाली से जोड़ सकते है।

बशर्ते कि इन मामलों में, अक्षय ऊर्जा उत्पादन मीटर या नेट मीटर को उपभोक्ता के ट्रांसफार्मर की उच्च आतति की ओर अधिष्ठापित किया जायेगा।

7.6 पात्र उपभोक्ता उचित प्रक्रिया का पालन करने और संबंधित वितरण अनुज्ञप्तिधारी को सूचित करने के पश्चात् एक ही परिसर के भीतर विभिन्न स्थानों पर अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्रों को स्थापित कर सकता है या उनकी क्षमता में वृद्धि कर सकता है या उन्नत कर सकता हैः

बशर्ते कि एक ही परिसर के भीतर ऐसे तंत्रों की कुल क्षमता इन विनियमों में निर्दिष्ट क्षमता सीमाओं से अधिक नहीं होगी।

8. **आवेदन हेतु प्रक्रिया**

8.1 वितरण अनुज्ञप्तिधारी अपनी वेबसाइट पर और अपने सभी कार्यालयों में नोटिस बोर्ड पर निम्नलिखित को प्रमुखता से प्रदर्शित करेगाः

(क) नयी व्यवस्था को स्वीकृत करने के लिये विस्तृत प्रक्रिया;

(ख) जहां भरे हुए आवेदन फार्म प्रस्तुत किये जा सकते है, उन कार्यालयों के पते और दूरभाष नम्बर;

(ग) आवेदन फार्म की ऑनलाइन प्रस्तुति के लिये वेबसाइट का पता;

(घ) आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अपेक्षित दस्तावेजों की प्रति की पूर्ण सूची;

(ड.) आवेदक द्वारा जमा कराये जाने वाले सभी प्रयोज्य शुल्क।

8.2 वितरण अनुज्ञप्तिधारी इन विनियमों की अधिसूचना की दिनांक के तीन (3) माह के भीतर पात्र उपभोक्ताओं के आवेदन पर कार्यवाही के लिये वेब आधारित आवेदन संसाधन प्रणाली लागू करेगाः

बशर्ते कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी मैनुअल सिस्टम से प्राप्त होने वाले आवेदनों को तब तक संसाधित करेगा जब तक कि ऐसी वेब प्रणाली विकसित न हो जायेः

बशर्ते यह भी कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिये वेबपोर्टल और मोबाइल ऐप का सृजन करेगा।

8.3 पात्र उपभोक्ता, जो उसके परिसर में अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र अधिष्ठापित करना प्रस्तावित करता है, आवेदन पत्र (अनुलग्नक-।।) में आवेदन करेगा, जिसे वितरण अनुज्ञप्तिधारी इन विनियमों की अनुसूची (अनुलग्नक-।।।) में यथानिर्धारित आवेदन शुल्क के साथ अपनी बेवसाइट पर अधिसूचित करेगा।

8.4 उपभोक्ता आवेदन के साथ ई-मेल पते और मोबाइल नंबर का विवरण अनिवार्य रूप से प्रदान करेगा।

8.5 वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उपभोक्ता के साथ सभी पत्राचार अधिमानतः ई-मेल और मोबाइल के माध्यम से किया जाएगा।

8.6 वितरण अनुज्ञप्तिधारी आवेदन प्राप्ति की अभिस्वीकृति देगा तथा आवेदन को पंजीकृत करेगा और आवेदन को प्राप्ति के क्रम में संधारित करेगा।

8.7 वेब-आधारित अनुप्रयोग या मोबाइल ऐप के माध्यम से या एसएमएस के माध्यम से या किसी अन्य विधि द्वारा आवेदन के प्रसंस्करण की स्थिति की निगरानी के लिये वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा एक अद्वितीय पंजीकरण संख्या के आधार पर ऑनलाइन टैकिंग तंत्र प्रदान किया जायेगा।

8.8 आवेदन की पावती जारी होने के बीस (20) दिनों के भीतर, वितरण अनुज्ञप्तिधारी के संबंधित उप-विभागीय कार्यालय के संबंधित अधिकारी अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की तकनीकी व्यवहार्यता की जांच करेगा।

8.9 यदि तकनीकी व्यवहार्यता संतोषजनक पाई जाती है, तो वितरण अनुज्ञप्तिधारी आवेदन को स्वीकृत करेगा और आवेदक को आवेदन पत्र की पावती जारी करने के तीस (30) दिनों के भीतर ईमेल/एसएमएस/पोस्ट के माध्यम से स्वीकृत पत्र (एलओए) प्रदान करते हुए उसे सूचित करेंगा।

8.10 तकनीकी अध्ययन के दौरान, इन विनियमों के अन्तर्गत निर्दिष्ट अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की क्षमता और ट्रांसफार्मर लोडिंग के कारण, आवेदन में पाई गई किसी भी कमी के मामले में, आवेदन पत्र की पावती जारी करने के बीस (20) दिनों के भीतर ईमेल/एसएमएस/पोस्ट के माध्यम से आवेदक को वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा सूचित किया जाएगा।

8.11 आवेदक सूचना प्राप्ति से पंद्रह (15) दिनों की अवधि के भीतर सभी परिलक्षित कमियों को दूर करेगा और ईमेल/पोस्ट के माध्यम से कमियों के समाधान के बारे में वितरण अनुज्ञप्तिधारी को सूचित करेंगाः

बशर्ते कि वितरण अनुज्ञप्तिधार कमियों के समाधान का आकलन करेगा और अपनी संतुष्टि पर आवेदक को स्वीकृत पत्र (एलओए) प्रदान करेगाः

बशर्ते यह भी कि यदि उक्त अवधि में कमियों को दूर नहीं किया जाता है, तो आवेदन रद्द कर दिया जाएगाः

बशर्ते यह भी कि कमियों को सुधारने के बाद उपभोक्ता पुनः आवेदन कर सकता हैः

बशर्ते यह भी कि यदि अपर्याप्त वितरण ट्रांसफार्मर की क्षमता या किसी अन्य तकनीकी बाधाओं के कारण मंजूरी नहीं दी जा सकती है, तो उपभोक्ता को केवल लिखित संचार के माध्यम से अस्वीकृति के कारणों को निर्दिष्ट करते हुए सूचित किया जाना चाहिएः

बशर्ते यह भी कि यदि उपभोक्ता ऐसा विकल्प देता है, तो वरिष्ठता के तिथिक्रमानुसार क्रम में और इस तरह की वितरण ट्रांसफार्मर की क्षमता उपलब्ध होने/तकनीकी बाधा ठीक होने के पश्चात् आवेदन पर विचार किया जा सकता है।

8.12 अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की स्थापना के बाद, उपभोक्ता वितरण अनुज्ञप्तिधारी को स्थापना प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा। वितरण अनुज्ञप्तिधारी अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर, मीटर की स्थापना और अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र के सफल कमीशनिंग, आयोग द्वारा निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर पूरा करेगा जो कि स्थापना प्रमाण पत्र जमा करने की तारीख से तीस दिनों से अधिक नहीं होगी। अनुबंध समझौते और स्थापना प्रमाण पत्र के प्रारूप वितरण अनुज्ञप्तिधारी के वेब-पोर्टल पर प्रदर्शित किये जायेंगे।

8.13 उपभोक्ता के पास स्वयं के द्वारा अपेक्षित मीटर खरीदने का विकल्प होगा, जिसका वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा परीक्षण और स्थापना की जायेगी।

8.14 पात्र उपभोक्ता स्वीकृति पत्र (एलओए) प्राप्त करने के एक सौ अस्सी (180) दिनों या वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा जैसा करार पाया जाये या उसके द्वारा सहमत विस्तारित अवधि के भीतर इन विनियमों के अन्तर्गत निर्दिष्ट मानकों/संहिताओं के अनुसार अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र स्थापित करेगाः

बशर्ते कि यदि पात्र उपभोक्ता उपर्युक्त अवधि के भीतर अधिष्ठापन को स्थापित करने में विफल रहता है, तो अनुमोदन रद्द माना जाएगा, और पात्र उपभोक्ता को फिर से आवेदन करना होगा।

9. **कनेक्शन समझौता**

9.1 वितरण अनुज्ञप्तिधारी और पात्र उपभोक्ता वितरण नेटवर्क के साथ अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की कनेक्टिविटी की मंजूरी के बाद, लेकिन सिस्टम से वास्तविक उत्पादन की शुरूआत से पहले नेट बिलिंग व्यवस्था या नेट मीटरिंग व्यवस्था के लिए कनेक्शन समझौता करेंगे।

9.2 मॉडल नेट बिलिंग कनेक्शन समझौता और नेट मीटरिंग कनेक्शन समझौता अनुलग्नक- IV.अ और अनुलग्नक- IV.ब पर दिया गया है जिन्हें वितरण अनुज्ञप्तिधारी इन विनियमों की सुसंगति के अधीन, उपयुक्त रूप से संशाधित कर सकता है।

9.3 वितरण अनुज्ञप्तिधारी इन विनियमों की अधिसूचना के दो महिने के भीतर लागू प्रक्रिया और आवेदन और अन्य प्रासंगिक फार्मा के साथ, अपनी वेबसाइट पर समझौता/अनुबंध प्रारूप उपलब्ध कराएगा।

9.4 कनेक्शन समझौता पच्चीस (25) वर्षों तक लागू रहेगाः

बशर्ते कि इन विनियमों की अधिसूचना से पहले नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत किया गया कनेक्शन समझौता उस अवधि के लिए मान्य होगा जैसा कि उक्त कनेक्शन समझौते मे निर्धारित हैः

बशर्ते यह भी कि इन विनियमों की अधिसूचना के पहले नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत किए गए कनेक्शन समझौते के लिए, जहां कनेक्शन अनुबंध में अवधि की वैधता प्रदान नहीं की गई है, नेट मीटरिंग व्यवस्था ऐसे कनेक्शन समझौते में प्रवेश करने की तारीख से पच्चीस (25) वर्ष के लिए मान्य होगीः

बशर्ते यह भी कि परस्पर सहमति से किसी भी समय समझौते को समाप्त किया जा सकता है।

9.5 समझौते की समाप्ति पर पात्र उपभोक्ता, वितरण अनुज्ञप्तिधारी के नेटवर्क से अपने अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र को अविलंब विच्छेद कर देगा।

10. ग्रिड के साथ अन्तर्सम्बन्धः मानक तथा सुरक्षा

10.1 अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र तथा उपकरण, इन विनियमों तथा समय-समय पर यथा संशोधित, निम्नलिखित विनियमों व कोड़ो के अनुरूप होंगे-

(क) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (वितरित विद्युत उत्पादन संसाधनों के संयोजन के लिये तकनीकी मानक) विनियम, 2013

(ख) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (मीटरों का अधिष्ठापन एवं प्रचालन) विनियम, 2006

(ग) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा तथा विद्युत आपूर्ति संबंधी उपाय) विनियम, 2010

(घ) राविविआ (विद्युत प्रदाय कोड तथा सम्बद्ध मामले) विनियम, 2021

10.2 संतोषजनक कार्य की पुष्टि करने के लिए उपभोक्ता अपने परिसर में उपकरण को आपूर्तिकर्ता के प्रतिनिधि द्वारा स्थापित करवायेगाः

बशर्ते कि अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र के उपकरण का आपूर्तिकर्ता द्वारा पूर्व-परीक्षण किया जायेगा और संबंधित उपकरण के लिए परीक्षण प्रमाण पत्र उपभोक्ता को प्रदान किया जाएगाः

बशर्ते यह भी कि अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र से उत्पादित विद्युत की गुणवता सुनिश्चित करने के लिए लागू मानकों के अनुसार परीक्षण किए जाएंगे।

10.3 कनेक्टिविटी स्तर जिस पर अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र को ग्रिड से जोडा जायेगा, विनियम 7 के अध्यधीन समय-समय पर यथा संशोधित राविविआ (विद्युत प्रदाय कोड तथा सम्बद्ध मामले) विनियम, 2021 के अनुसार होगा।

10.4 उपभोक्ता, जो अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र स्थापित करता है, इंटरकनेक्शन प्वाइंट तक अपने सिस्टम के सुरक्षित संचालन, रखरखाव और दोष के सुधार के लिए जिम्मेदार होगा और उससे आगे, मीटरिंग व्यवस्था सहित तंत्र के सुरक्षित संचालन, रखरखाव और किसी भी दोष के सुधार की जिम्मेदारी वितरण अनुज्ञप्तिधारी की होगीः

बशर्ते कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी उचित समय के भीतर दोष को ठीक करने के लिए अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र को कह सकता है।

10.5 पात्र उपभोक्ता किसी भी घटना (घातक/गैर-घातक/विभागीय/ गैर-विभागीय) के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होगा जो ग्रिड की आपूर्ति बंद होने पर अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र से बैक फीडिंग के कारण हो सकती हैः

बशर्ते कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी के पास किसी भी समय इस तरह की आपातकाल की स्थिति में मानव और सामग्री की क्षति को रोकन के लिए उपभोक्ता की स्थापना को डिस्कनेक्ट करने का अधिकार सुरक्षित है।

10.6 पात्र उपभोक्ता भंडारण के साथ या उसके बिना अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र स्थापित कर सकता हैः

बशर्ते कि आपूर्ति का कोई भी वैकल्पिक स्रोत उपभोक्ता के नेटवर्क तक सीमित रहेगा और वितरण अनुज्ञप्तिधारी की ग्रिड आपूर्ति में विफलता पर वितरण अनुज्ञप्तिधारी की एलटी ग्रिड तक विस्तारित बैटरी पावर/डीजल जनरेटर पावर/बैकअप पावर को रोकने के लिए उपभोक्ता पर्याप्त सुरक्षा उपाय करने के लिए जिम्मेदार होगा।

10.7 वितरण अनुज्ञप्तिधारी को निम्नलिखित परिस्थितियों में किसी भी समय अपने सिस्टम से अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र को डिस्कनेक्ट करने का अधिकार होगाः

(क) वितरण अनुज्ञप्तिधारी की विद्युत प्रणाली पर आपात स्थिति या रखरखाव की आवश्यकता:

(ख) वितरण अनुज्ञप्तिधारी/ट्रांसमिशन अनुज्ञप्तिधारी/राभाप्रेके द्वारा निर्धारित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र या सुरक्षात्मक उपकरणों के संचालन के कारण वितरण अनुज्ञप्तिधारी की प्रणाली पर विद्यमान संकटमय स्थितिः

(ग) वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा यथानिर्धारित अक्षय ऊर्जा उत्पादन के कारण वितरण अनुज्ञप्तिधारी के अन्य उपभोक्ताओं के विद्युत उपकरणों पर प्रतिकूल विद्युतीय प्रभाव, जैसे कि विद्युत की गुणवता की समस्या।

10.8 अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र से उत्पादित विद्युत की गुणवता सुनिश्चित करने के लिए ईएन 50160 के अनुसार और वितरण अनुज्ञप्तिधारी के मानकों के अनुसार परीक्षण किया जाएगा।

10.9 अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र को अनेपक्षित आइलैंडिंग स्थिति का पता लगाने में सक्षम होना चाहिए। इन प्रणालियों में आपूर्ति की विफलता सहित किसी भी प्रतिकूल परिस्थितियों को रोकने के लिए एंटी-आइलैंडिंग सुरक्षा होनी चाहिए। आईसी-62116 तकनीकी मानकों के पालन ग्रिड से जुड़े इनवर्टरों के लिए आइलैंडिंग रोकथाम उपाय का परीक्षण करने के लिए किया जाएगा।

10.10 प्रत्येक अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र स्वचालित सिंक्रोनाइजेशन डिवाइस से सुसज्जित होगीः

बशर्ते कि इन्वर्टर का उपयोग करने वाली अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र के लिए अलग से सिंक्रोनाइज़िंग डिवाइस की आवश्कता नहीं होगी, यदि यह इन्वर्टर में अन्तर्निहिततः निर्मित हो।

10.11 संधारण तथा सुरक्षा प्रक्रिया को ध्यान में रखने के पश्चात्, वितरण अनुज्ञप्तिधारी अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र तथा विद्युत तन्त्र के बीच हस्त संचालित पृथक्कारी (आइसोलेटिंग) स्विच लगायेगा, जो निम्नलिखित अपेक्षाओ को पूरा करेगाः

(क) इसका दृश्यमान सत्यापन अनुज्ञात करेगा कि पृथक्करण पूरा हो गया है,

(ख) खुली तथा बन्द स्थिति स्पष्ट दर्शने के लिए संकेत युक्त होगा,

(ग) आवेदक से क्लीयरेन्स के बिना आवश्यकता के दिन में चैबीसों घण्टे अनुज्ञप्तिधारी के कार्मिको द्वारा शीघ्र तथा सुविधाजनक पंहुच के लिए समर्थ हो।

(घ) खुली स्थिति में ताला लगाये जाने योग्य हो, और

(ड.) न तो लोड ब्रेक के लिए रेटड हो और न ही अतिकरण्ट की संरक्षा की विशिष्टतायें हो।

10.12 अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र का विद्युत तन्त्र के साथ पहली बार, सिंक्रोनाइजेशन से पूर्व आवेदक तथा अनुज्ञप्तिधारी संरक्षण विशिष्टताओं तथा नियंत्रण आरेखों पर सहमत होंगे।

10.13 वितरण अनुज्ञप्तिधारी के तन्त्र में ऊर्जा के अन्तक्षेपण से पूर्व, इन्वर्टर हार्मोनिक विश्लेषण तथा अन्य विकृतियां के निष्पादन (फिल्टरिंग आउट) की विशिष्टता युक्त होगा। तकनीकी मानक, विद्युत गुणवता मानक तथा इन्वर्टर मानक इन विनियमों के अनुलग्नक-VI या समय-समय पर केविप्रा द्वारा निर्धारित किये जा सकने वाले अन्य मानको के अनुसार होंगे।

10.14 **उपभोक्ता के मीटर के पीछे जुड़े हुए अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र**

10.14.1 उपभोक्ता की मीटर के पीछे जुड़े हुए अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र, जो अनुज्ञप्तिधारी के ग्रिड के समानांतर चल रहा है, और जहां नेट बिलिंग व्यवस्था या नेट मीटरिंग व्यवस्था का चयन नहीं किया गया है, को संबंधित अनुज्ञप्तिधारी को पूर्व सूचना के बाद ही अनुमति दी जाएगीः

बशर्ते कि उपभोक्ता यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा कि केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा यथानिर्दिष्ट सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए हैः

बशर्ते यह भी कि यदि उपभोक्ता संबंधित वितरण अनुज्ञप्तिधारी को पूर्व सूचना के बिना उपभोक्ता के मीटर के पीछे अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र स्थापित करता है, तब अतिरिक्त देनदारियों को इस तरह की प्रणाली की स्थापना की अवधि के लिए निर्धारित प्रभारों की दर से लगाया जाएगा, जब तक कि यह वितरण अनुज्ञप्तिधारी के ध्यान में नही आता है कि उपभोक्ता द्वारा स्थापित ऐसी प्रणाली प्रासंगिक उपभोक्ता के वर्ग लिए वितरण अनुज्ञप्तिधारी के टैरिफ आदेश के अनुसार प्रयोज्य है।

10.14.2 उपभोक्ता के मीटर के पीछे स्थापित पात्र व्यक्तिगत अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की अधिकतम अनुमेय क्षमता इन विनियमों में यथानिर्दिष्ट अनुबंध मांग के 100 प्रतिशत तक सीमित होगी।

10.14.3 उपभोक्ता के मीटर के पीछे स्थापित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र से उपभोग की जा सकने वाली अधिकतम अनुमेय ऊर्जा प्रतिशत में न्यूनतम क्षमता उपयोगिता फैक्टर/प्लांट लोड फैक्टर से संबंधित ऊर्जा तक सीमित होगी जो राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों से टैरिफ विनिर्धारण हेतु निबन्धन एवं शर्तें) विनियम, 2020 में यथानिर्दिष्ट संबंधित प्रौद्योगिकी के लिए लागू है से 5 प्रतिशत अधिक (प्लस) ।

10.14.4 उपभोक्ता यह सुनिश्चित करेगा कि उपभोक्ता के मीटर के पीछे स्थापित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र से ग्रिड में कोई ऊर्जा अन्तःक्षेपित नहीं होः

बशर्ते कि उपभोक्ता के मीटर के पीछे से जुड़े ऐसे अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र द्वारा अन्तःक्षेपित ऊर्जा की किसी भी मात्रा को अनजाने अन्तःक्षेप के रूप में माना जाएगा और वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा न तो भुगतान किया जाएगा और न ही इसका निपटारा किया जाएगाः

बशर्ते यह कि उपभोक्ता के मीटर के पीछे से जुड़े ऐसे अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र द्वारा अन्तःक्षेपित ऊर्जा की किसी भी मात्रा को अनजाने अन्तःक्षेप के रूप में माना जाएगा और प्रवर्तमान प्रयोज्य प्रासंगिक विनियमों के अनुसार ऐसे अनजाने अन्तःक्षेप पर शास्ति उदग्रहित की जायेगी।

10.14.5 समानांतर संचालन प्रभार के अलावा, यदि वितरण अनुज्ञप्तिधारी इस तरह की प्रणाली के लिए उसकी खुदरा आपूर्ति टैरिफ याचिका में पर्याप्त औचित्य द्वारा समर्थित ऐसे अतिरिक्त स्थायी प्रभार या मांग प्रभार और कोई अन्य प्रभार का प्रस्ताव करता है तो आयोग खुदरा टैरिफ आदेश में, उपभोक्ता के मीटर के पीछे स्थापित ऐसी प्रणाली के लिए निर्धारित प्रभार या मांग प्रभार और किसी अन्य प्रभार के रूप में अतिरिक्त समानांतर संचालन प्रभार भी निर्धारित कर सकता है।

10.14.6 उपभोक्ता, जिन्होंने उपभोक्ता के मीटर के पीछे सोलर रूफटॉप पीवी सिस्टम को जोड़ा है और राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (रूफटॉप और लघु सौर ग्रिड पारस्परिक क्रिया तन्त्र हेतु संयोजिता और नेट मीटरिंग) विनियम, 2015 और उसके पश्चातवर्ती संशोधनों के अन्तर्गत नेट मीटरिंग व्यवस्था का विकल्प नहीं चुना, इन विनियमों की अधिसूचना से तीन (3) महीनों के भीतर मॉडल फॉर्म में वितरण अनुज्ञप्तिधारी को इस तरह के विवरण को सूचित करेंगेः

बशर्ते कि यदि उपभोक्ता निर्दिष्ट समय के भीतर वितरण अनुज्ञप्तिधारी को उपभोक्ता के मीटर के पीछे सौर रूफटॉप पीवी तंत्र के विवरण को सूचित करने में विफल रहता है, तो अतिरिक्त दायित्वों को विलंब की ऐसी अवधि के लिये संबंधित उपभोक्ता श्रेणी के लिए वितरण अनुज्ञप्तिधारियों के टैरिफ आदेश के अनुसार लागू स्थायी प्रभारों की दर पर उदग्रहित किया जायेगाः

बशर्ते यह भी कि अतिरिक्त दायित्वों को संबंधित उपभोक्ता श्रेणी के लिए वितरण अनुज्ञप्तिधारियों के टैरिफ आदेश के अनुसार मासिक आधार पर इन विनियमों की अधिसूचना से तीन (3) महीने बाद उदग्रहित किया जायेगा।

10.14.7 वितरण अनुज्ञप्तिधारी, जैसे ही और जब अपेक्षित हो, अधिनियम और उनके अधीन बनाये गये विनियमों के प्रावधानों के अनुसार, उपभोक्ता के मीटर के पीछे अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की स्थापना का निरीक्षण और सत्यापन कर सकता है।

10.14.8 संबंधित अनुज्ञप्तिधारी को पात्र उपभोक्ता द्वारा मीटर के पीछे अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की स्थापना की सूचना के लिये मॉडल फॉर्म, इन विनियमों के अनुलग्नक- V में निर्धारित किया गया है।

11 मीटरिंग व्यवस्था

11.1 अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र में स्थापित सभी मीटर केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (मीटर का अधिष्ठापन एवं प्रचालन) विनियम, 2006 और उसके पश्चातवर्ती संशोधनों का अनुपालन करेंगे।

11.2 सभी मीटरों में RS 485 (या उच्चतर) संचार पोर्ट या किसी अन्य अग्रिम संचार सुविधा के साथ उन्नत मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर (AMI) सुविधा होगी।

11.3 नेट बिलिंग व्यवस्था के अन्तर्गत, अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र उपभोक्ता मीटर के वितरण अनुज्ञप्तिधारी पक्ष पर जुड़ी होगी।

11.4 नेट मीटरिंग व्यवस्था में वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा यथा अभिनिश्चित अंतर-कनेक्शन के बिंदु पर स्थित एकल-चरण या तीन-चरण नेट मीटर, जो अपेक्षित हो, शामिल होंगेः

बशर्ते कि नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र उपभोक्ता मीटर के उपभोक्ता पक्ष पर जुड़ा होगा।

11.5 पात्र उपभोक्ता, अपनी लागत पर, ऐसी प्रणाली से उत्पादित ऊर्जा को मापने के लिए अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र के इंटरकनेक्शन प्वाइंट पर लागू केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के विनियमों के अनुरूप अक्षय ऊर्जा जनरेशन मीटर स्थापित करेगा।

11.6 वितरण अनुज्ञप्तिधारी मीटरिंग उपकरणों के परीक्षण, स्थापना और रखरखाव और लागू मानकों और विनिर्देशों के पालन के लिए जिम्मेदार होगाः

बशर्ते कि उपभोक्ता मीटरिंग उपकरणों के परीक्षण, स्थापना और रखरखाव से सम्बन्धित लागत वहन करेगा।

11.7 मीटर को इस प्रकार से स्थापित किया जाएगा जिससे कि मीटर रीडिंग के लिए वितरण अनुज्ञप्तिधारी की आसान पहुँच हो।

11.8 स्थापित मीटरों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया जाएगा और दोनों पक्षों की ओर से सील किया जाएगा और केवल उपभोक्ता और वितरण अनुज्ञप्तिधारी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में या आयोग द्वारा निर्दिष्ट आपूर्ति कोड के अनुसार परीक्षण या जाँच की जाएगीः

बशर्ते कि पात्र उपभोक्ता मीटर लगाने के लिए वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा समय-समय पर यथा विकसित और आपूर्ति कोड के अनुसार मीटरिंग विनिर्देशों और प्रावधानों का पालन करेगा।

11.9 वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा ली गयी मीटर रीडिंग, बिलिंग और वाणिज्यिक निपटान का आधार बनेगी।

11.10 उपभोक्ता, अपनी लागत पर, अक्षय ऊर्जा जनरेशन मीटर के लिए उपयुक्त वर्ग का एक चैक मीटर भी स्थापित करेगाः

बशर्ते कि दोषपूर्ण/विफलता/जली हुई स्थिति के कारण अक्षय ऊर्जा जनरेशन मीटर से रीडिंग की अनुपस्थिति में, ऐसे चैक मीटर का उपयोग बिलिंग और वाणिज्यिक निपटान के लिए किया जाएगा।

11.11 किसी भी मीटर की दोषपूर्ण/विफलता/जलने की स्थिति में, उपभोक्ता वितरण अनुज्ञप्तिधारी को वितरण अनुज्ञप्तिधारी के निर्दिष्ट प्रारूप में विफलता की रिपोर्ट करेगाः

बशर्ते कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी समय-समय पर यथा संशोधित विद्युत प्रदाय कोड में यथानिर्दिष्ट तरीके से मीटर को प्रतिस्थापित करेगा।

12 ऊर्जा लेखांकन और व्यवस्थापन

12.1 पात्र उपभोक्ता द्वारा निर्यात और आयात की गई विद्युत का लेखांकन वितरण नेटवर्क के साथ अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की कनेक्टिविटी की तारीख से प्रभावी हो जाएगा।

12.2 नियमित मीटरिंग चक्र के अनुसार, वितरण अनुज्ञप्तिधारी सभी पात्र उपभोक्ताओं के लिए, अक्षय ऊर्जा जनरेशन मीटर और उपभोक्ता मीटर या नेट मीटर, यथा लागू, दोनों की मीटर रीडिंग करेगा।

12.3 मीटर रीडिंग मासिक या लागू विद्युत प्रदाय कोड के अन्तर्गत निर्दिष्ट बिलिंग चक्र के अनुसार ली जाएगीः

बशर्ते कि मीटर की दोषपूर्ण/विफलता/जलने की स्थिति में, जिस अवधि में मीटर खराब होता है, उस अवधि के दौरान अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र द्वारा उत्पादित विद्युत, चैक मीटर से ली जाएगीः

बशर्ते यह भी कि अगर मीटर की रीडिंग चैक मीटर से उपलब्ध नहीं है, तो जिस अवधि के दौरान अक्षय ऊर्जा जनरेशन मीटर और चैक मीटर खराब होते हैं, उस समय अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र द्वारा उत्पादित विद्युत, विद्युत प्रदाय कोड में निर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार होगी।

12.4 प्रत्येक बिलिंग अवधि के लिए, अनुज्ञप्तिधारी पात्र उपभोक्ता को अपने बिल में निम्नलिखित जानकारी अलग से दर्शायेगाः

क) प्रारम्भिक और अंतिम शेष को शामिल करते हुए अक्षय ऊर्जा जनरेशन मीटर में दर्ज ऊर्जा उत्पादन की मात्राः
ख) प्रारम्भिक और अंतिम शेष को शामिल करते हुए बिलिंग अवधि में उपभोक्ता द्वारा उपभोग की गई विद्युत यूनिटों की मात्राः
ग) प्रारम्भिक और अंतिम शेष को शामिल करते हुए बिलिंग अवधि में बिलिंग क्रेडिट की राशि, यदि कोई होः
घ) आरपीओ अनुपालना के लिए वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उपयोग की जाने वाली जनरेशन यूनिटे।

12.5 **नेट बिलिंग व्यवस्था**

12.5.1 नेट बिलिंग एक ऐसी व्यवस्था है, जहां अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्रः

(क) किसी विशिष्ट उपभोक्ता को सेवा देने के लिए स्थापित हैः

(ख) उपभोक्ता के मीटर के वितरण अनुज्ञप्तिधारी पक्ष पर जुडी हैः

(ग) वितरण अनुज्ञप्तिधारी के साथ कनेक्शन अनुबंध में सहमत टैरिफ पर कनेक्शन अनुबंध के अन्तर्गत वितरण अनुज्ञप्तिधारी को उत्पादित पूरी विद्युत विक्रय, और वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा आपूर्ति की गई विद्युत के लिए उपभोक्ता द्वारा देय राशि को वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा देय राशि से घटाकर हो।

12.5.2 वितरण अनुज्ञप्तिधारी पिछले वितीय वर्ष में संबंधित प्रौद्योगिकी के लिए प्रतिस्पर्धा बोली के माध्यम से ज्ञात किये गए और आयोग द्वारा अंगीकृत भारित औसत टैरिफ से 25 प्रतिशत अधिक के प्रोत्साहन पर कनेक्शन समझौता करेगा। यदि पिछले वितीय वर्ष में कोई बोली प्रक्रिया नहीं की गयी है, तो प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से ज्ञात किये गए नवीनतम टैरिफ से 25 प्रतिशत अधिक का प्रोत्साहन लागू होगाः

बशर्ते कि यदि संबंधित प्रौद्योगिकी के लिए कोई बोली प्रक्रिया नहीं की गयी है, तो प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से ज्ञात किये गए और आयोग द्वारा अंगीकृत 5 मेगावाट और अधिक की बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं के नवीनतम भारित औसत टैरिफ से 25 प्रतिशत अधिक का प्रोत्साहन लागू होगाः

बशर्ते यह भी कि उपरोक्त टैरिफ समझौते की पूरी अवधि के लिए लागू होगा।

12.5.3 वितरण अनुज्ञप्तिधारी निम्नलिखित समीकरण के अनुसार उपभोक्ता का बिल तैयार करेगाः
उपभोक्ता का ऊर्जा बिल = स्थायी प्रभार + अन्य लागू प्रभार और कर + (EDLxTRST) –(ERE * TPPA)– बिलिंग क्रेडिटः

जहां:

(क) स्थायी प्रभार का अर्थ खुदरा आपूर्ति टैरिफ आदेश के अनुसार उपभोक्ता की श्रेणी के लिए यथाप्रयोज्य स्थिर/मांग प्रभार हैः

(ख) अन्य प्रभारों और कर का अर्थ है कोई भी अन्य प्रभार जैसे कि शुल्क और कर, उपकर आदिः

(ग) ईडीएल का अर्थ है बिलिंग अवधि के लिए उपभोक्ता मीटर द्वारा यथा रिकार्ड की गयी वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा आपूर्ति की गई ऊर्जा यूनिटें (अर्थात, उपभोक्ता द्वारा सकल विद्युत उपभोग:

(घ) टीआरएसटी का अर्थ है आयोग के लागू खुदरा आपूर्ति टैरिफ आदेश के अनुसार संबंधित उपभोक्ता श्रेणी का लागू खुदरा आपूर्ति टैरिफः

(ड) ईआरई का अर्थ है अक्षय ऊर्जा जनरेशन मीटर द्वारा बिलिंग अवधि के लिए रिकार्ड की गयी ऊर्जा यूनिटें:

(च) टीपीपीए का अर्थ है कि विनियम 12.5.2 के अनुसार उपभोक्ता और वितरण अनुज्ञप्तिधारी के मध्य हस्ताक्षरित अनुबंध के अनुसार टैरिफः

(छ) बिलिंग क्रेडिट, यदि कोई हो, एक महीने के लिए संचयी प्रारंभिक क्रेडिट है।

12.5.4 यदि उपभोक्ता बिल के अन्य सभी घटकों के मूल्य से एक महीने में अक्षय ऊर्जा उत्पादन का मूल्य अधिक है, तो ऐसे माह के लिए विद्युत बिल में वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा बिलिंग क्रेडिट प्रदान किया जाएगाः

बशर्ते कि इस तरह के बिलिंग क्रेडिट को अगले महीने को अग्रनीत किया जाएगा और विनियम 12.5.3 में निर्दिष्टानुसार समायोजित किया जाएगाः

बशर्ते यह भी कि निपटान अवधि के अंत में बिलिंग क्रेडिट का भुगतान अगले वितीय वर्ष की पंद्रह मई तक वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा पात्र उपभोक्ता को किया जाएगा।

12.5.5 जब एक पात्र उपभोक्ता सिस्टम को छोड़ता है, तो उपलब्ध बिलिंग क्रेडिट व्यपगत हो जाएगा, और कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

12.5.6 अधिकतम अनुमेय ऊर्जा जो कि नेट बिलिंग व्यवस्था के अन्तर्गत स्थापित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र से उत्पादित की जा सकती है वह राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों से टैरिफ विनिर्धारण हेतु निबन्धन एवं शर्तें) विनियम, 2020 में यथानिर्दिष्ट संबंधित प्रौद्योगिकी के लिए प्रतिशत में लागू न्यूनतम क्षमता उपयोग फैक्टर/प्लांट लोड फैक्टर साथ ही 5 प्रतिशत के अनुरूप ऊर्जा तक सीमित होगी।

12.5.7 विशिष्ट केंद्रीय और/या राज्य सरकार की योजनाओं जैसे कि पीएम कुसुम, के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं के लिए, वितरण लाइसेंसधारियों द्वारा ऊर्जा की मात्रा और खरीद की दर इस संबंध में आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार होगी।

12.6 **नेट मीटरिंग व्यवस्था**

12.6.1 नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत ऊर्जा लेखांकन और व्यवस्थापन निम्नानुसार होगाः

क) यदि घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता द्वारा निर्यात की जाने वाली विद्युत की मात्रा बिलिंग अवधि के दौरान आयात की गई मात्रा से अधिक है, तो ऐसे घरेलू उपभोक्ता द्वारा निर्यात की जाने वाली अतिरिक्त मात्रा को अनुज्ञप्तिधारी द्वारा 5 मेगावाट और उससे अधिक की बृहद सौर परियोजनाओं के भारित औसत टैरिफ, जिसे पिछले वितीय वर्ष में प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से ज्ञात किया गया था, और आयोग द्वारा अंगीकृत किया गया था, पर क्रय किया जाएगा। यदि पिछले वितीय वर्ष में कोई बोली प्रक्रिया नहीं की गई है, तो प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से ज्ञात नवीनतम टैरिफ लागू होगा। ऐसे उपभोक्ता द्वारा अंतःक्षेप की गई अतिरिक्त ऊर्जा के लिए प्राप्त कुल राशि को क्रेडिट के रूप में समायोजित किया जाएगा, जो तुरंत उतरवर्ती बिलिंग चक्र में देय ऐसी राशि के बराबर होगीः

बशर्ते कि राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (रूफटॉप और लघु सौर ग्रिड पारस्परिक क्रिया तन्त्र हेतु संयोजिता और नेट मीटरिंग) विनियम, 2015 और उसके पश्चातवर्ती संशोधनों के अनुसार शासित विद्यमान नेट मीटरिंग संस्थापन वाले घरेलू उपभोक्ताओं के मामले में भी, निर्यात की गयी अतिरिक्त मात्रा को वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा 5 मेगावाट और उससे अधिक की बृहद सौर परियोजनाओं के भारित औसत टैरिफ, जिसे पिछले वितीय वर्ष में प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से ज्ञात किया गया था, और आयोग द्वारा अंगीकृत किया गया था, पर क्रय किया जाएगा। यदि पिछले वितीय वर्ष में कोई बोली प्रक्रिया नहीं की गई है, तो प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से ज्ञात नवीनतम टैरिफ लागू होगा। ऐसे उपभोक्ता द्वारा अंतःक्षेप की गई अतिरिक्त ऊर्जा के लिए प्राप्त कुल राशि को क्रेडिट के रूप में समायोजित किया जाएगा, जो तुरंत उतरवर्ती बिलिंग चक्र में देय ऐसी राशि के बराबर होगीः

बशर्ते यह भी कि घरेलू श्रेणी के अलावा अन्य उपभोक्ताओं के मामले में, राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (रूफटॉप और लघु सौर ग्रिड पारस्परिक क्रिया तन्त्र हेतु संयोजिता और नेट मीटरिंग) विनियम, 2015 और उसके पश्चातवर्ती संशोधनों

के अनुसार शासित विद्यमान नेट मीटरिंग अधिष्ठापन के अन्तर्गत आवृत उपभोक्ताओं के लिये भी ऊर्जा बिलिंग भी उपरोक्त परन्तुक द्वारा शासित होगी।

बशर्ते यह भी कि केन्द्र और/या राज्य सरकार की विशिष्ट योजनाओं जैसे पीएम कुसुम के अन्तर्गत आने वाले उपभोक्ताओं के लिये वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा ऊर्जा की खरीद की मात्रा तथा दर इस संबंध में आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार होगी।

ख) यदि किसी भी बिलिंग अवधि के दौरान पात्र उपभोक्ता द्वारा आयातित विद्युत इकाइयों की मात्रा निर्यात की गयी मात्रा से अधिक है, तो वितरण अनुज्ञप्तिधारी क्रेडिट इकाइयों को समायोजित करने के बाद शुद्ध बिजली की खपत के लिये अपना बिल जारी करेगा।

ग) घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता के लिए प्रत्येक वितीय वर्ष के अंत में विद्युत की असमायोजित नेट क्रेडिट यूनिटों को वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा उसी दर पर खरीदा जाएगा जो 12.6.1 (क) में उल्लिखित है और अगले वर्ष के पहले महीने के भीतर उपभोक्ता के खाते में क्रेडिट की जायेगी।

घ) अधिकतम अनुमेय ऊर्जा जो कि नेट बिलिंग व्यवस्था के अन्तर्गत स्थापित अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र से उपभोग की जा सकती है वह राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों से टैरिफ विनिर्धारण हेतु निबन्धन एवं शर्तें) विनियम, 2020 में यथानिर्दिष्ट संबंधित प्रौद्योगिकी के लिए प्रतिशत में लागू न्यूनतम क्षमता उपयोग फैक्टर/प्लांट लोड फैक्टर से 5 प्रतिशत अधिक के अनुरूप ऊर्जा तक सीमित होगी।

12.7 बिलिंग में किसी भी विवाद के मामले में, यह उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा निपटाया जाएगा और यदि समस्या अभी भी अनसुलझी है, तो उपभोक्ता मामले को लोकपाल के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

13 रिपोर्टिंग की आवश्यकतायें

13.1 वितरण अनुज्ञप्तिधारी प्रत्येक वर्ष की पहली मई तक निम्नलिखित की रिपोर्ट करेगा, और अपनी वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करेगाः

(क) पिछले वितीय वर्ष के अंत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र से अन्तर्सम्बन्ध वाले पात्र उपभोक्ताओं की कुल संख्याः

(ख) पिछले वितीय वर्ष के अंत में अन्तर्सम्बन्ध पात्र उपभोक्ताओं की कुल किलोवाट क्षमताः

(ग) पिछले वितीय वर्ष के लिए माह और वर्ष के अनुसार वितरण अनुज्ञप्तिधारी से पात्र उपभोक्ता द्वारा प्राप्त कुल किवाघं:

(घ) पिछले वितीय वर्ष के लिए माह और वर्ष के अनुसार पात्र उपभोक्ता द्वारा उत्पादित अक्षय ऊर्जा का कुल किवाघं:

(ड) पिछले वितीय वर्ष के लिए पात्र उपभोक्ता द्वारा एलटी चक्र के अनुसार और वर्ष में वितरण अनुज्ञप्तिधारी को परिदत कुल किवाघं:

(च) प्रत्येक पात्र उपभोक्ता अंर्तसंबध अर्न्तसंबध के लिएः

1) उपयोग की गयी अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकीः
2) सकल विद्युत रेटिंगः
3) भौगोलिक अवस्थितिः तथा
4) अन्तर्सम्बन्ध दिनांक।

14 **अक्षय क्रय बाध्यता**

14.1 पात्र उपभोक्ता द्वारा नेट बिलिंग व्यवस्था या नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र से उत्पादित विद्युत की मात्रा, वितरण अनुज्ञप्तिधारी जिसके आपूर्ति के क्षेत्र में पात्र उपभोक्ता अवस्थित है, के लिए अक्षय क्रय बाध्यता (आरपीओ) के अनुपालन के विषय में विशेषित होगी।

बशर्ते कि उत्पादित विद्युत की ऐसी मात्रा नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत अक्षय क्रय बाध्यता के अनुपालना के विषय में विशेषित होगी, यदि पात्र उपभोक्ता को वचनबद्ध इकाई के रूप में परिभाषित नहीं किया गया है।

15 **अन्य प्रभारों की प्रयोज्यता**

15.1 नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत स्व-स्वामित्व वाले अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र, यदि पात्र उपभोक्ता के परिसर में अधिष्ठापित की गयी है, से उत्पादित विद्युत की मात्रा को बैंकिंग प्रभारों, व्हीलिंग प्रभारों, क्रॉस सब्सिडी अधिभार और अतिरिक्त अधिभार से छूट दी जाएगी।

15.2 नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत रेस्को के स्वामित्व वाले अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र से उत्पादित विद्युत की मात्रा, यदि पात्र उपभोक्ता के परिसर में स्थापित की गई है, को बैंकिंग प्रभारों और व्हीलिंग प्रभारों से मुक्त किया जाएगाः

बशर्ते कि एलटी घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को छोड़कर, नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत इस तरह के रेस्को के स्वामित्व वाले अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र के लिए क्रॉस सब्सिडी अधिभार और अतिरिक्त अधिभार, खुला अभिगम उपभोक्ताओं के लिए लागू क्रॉस सब्सिडी अधिभार और अतिरिक्त अधिभार के 50 प्रतिशत की दर से लागू होगा।

बशर्ते यह भी कि उन उपभोक्ता श्रेणियों के मामले में, जिनके लिए सब्सिडी अधिभार और अतिरिक्त अधिभार का निर्धारण आयोग द्वारा नहीं किया गया है, अधिभार (क्रॉस सब्सिडी तथा अतिरिक्त अधिभार का योग), उपभोक्ताओं की ऐसी श्रेणी के लिए 1.25 रूपये प्रति किलोवाटघंटा की दर से लागू होगा, जब तक आयोग द्वारा एक पृथक आदेश के माध्यम से इसे संशोधित नहीं किया जाता है।

15.3 नेट बिलिंग व्यवस्था के अन्तर्गत स्व-स्वामित्व और रेस्को के स्वामित्व वाले अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र यदि पात्र उपभोक्ता के परिसर में अधिष्ठापित किये गये है, से उत्पादित विद्युत की मात्रा के लिये बैंकिंग प्रभारों, व्हीलिंग प्रभारों, क्रॉस सब्सिडी अधिभार और अतिरिक्त अधिभार से छूट दी जाएगी।

16 सीडीएम के लाभो का सहभाजन

16.1 अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र से सौर ऊर्जा उत्पादन से होने वाले सीडीएम लाभ वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रतिधारित किये जायेगेः

बशर्ते कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्राप्त पूरे सीडीएम लाभ एआरआर के माध्यम से पूरी तरह से उपभोक्ताओं को पारित किये जायेगे।

17 समानांतर संचालन प्रभार

17.1 आयोग नेट मीटरिंग सिस्टम के अन्तर्गत उत्पादित ऊर्जा पर लगाए जाने वाले 'समानांतर संचालन प्रभार' को समय-समय पर निर्धारित कर सकता है, जिसमें आरपीओ के लाभों को समायोजित करने के पश्चात संतुलन, बैंकिंग और व्हीलिंग लागत, वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा दायर याचिका के आधार पर पर्याप्त औचित्य द्वारा समर्थित वितरण अनुज्ञप्तिधारी को होने वाले वितरण घाटे से बचने और उसको मिलने वाले अन्य लाभों को विचारित किया जाएगा।

बशर्ते कि नेट बिलिंग उपभोक्ताओं पर कोई समानांतर संचालन प्रभार नहीं लगाया जाएगाः

बशर्ते यह भी कि उपभोक्ता के मीटर के पीछे सम्बद्ध अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र पर विनियम 10.14.5 के अनुसार प्रभार के अलावा समानांतर संचालन प्रभार भी लागू होगा।

18. **शास्ति**

18.1 इन विनियमों की अपेक्षाओं को पूरा करने में विफल रहने की दशा में अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र या वितरण अनुज्ञप्तिधारी, यथास्थिति, आयोग द्वारा समय-समय पर यथा निर्धारित, शास्ति के भुगतान के लिये उतरदायी होगा।

19. **निर्देश देने की शक्तियां**

19.1 आयोग, इन विनियमों के उचित कार्यान्वयन हेतु, समय-समय पर विचारित उपयुक्त निर्देश तथा आदेश जारी कर सकता है।

20. संशोधन की शक्तियां

20.1 आयोग किसी भी समय इन विनियमों के प्रावधानों को परिवर्तित, रूपान्तरित या संशोधित कर सकता है।

21. **शिथिलता की शक्तियां**

21.1 आयोग कारणों को लिखित में अंकित करते हुये, तथा प्रभावित होने वाले पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् स्वप्रेरणा से या किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा इसके समक्ष आवेदन किये जाने पर, इन विनियामें के प्रावधानों में शिथिलता दे सकता है।

22. **कठिनाइयों को दूर करने की शक्ति**

22.1 यदि इन विनियमों के प्रावधानों को प्रभावी करने में कठिनाई उत्पन्न होती है, तो आयोग स्वप्रेरणा से या याचिका किये जाने पर, सामान्य या विशिष्ट आदेश से, कठिनाई को दूर करने के लिये आवश्यक प्रतीत होने वाले अधिनियम के प्रावधानों से असंगत न होने वाले प्रावधान बना सकता है।

आयोग की आज्ञा से,

(सचिव)

अनुलग्नक I

संक्षेपणों की सूची

बीआईएस	भारतीय मानक ब्यूरो
सीईए	केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण
सीटी	करण्ट ट्रांसफार्मर
डीसी	डाइरेक्ट करण्ट
डिस्कॉम	जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
ईएचटी	अतिरिक्त उच्च आतति
एचटी	उच्च आतति
आईईसी	अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग
आईईईई	विद्युतीय तथा इलेक्ट्रानिक्स अभियन्ता संस्थान
केवी	किलो वोल्ट
केवीए	किलो वोल्ट एम्पीयर
किवा	किलोवाट
केडब्ल्यूएच	किलोवाट घण्टा
एलटी	निम्न आतति
पीसीयू	विद्युत अनुकूलन इकाई
आरई	अक्षय ऊर्जा
आरईसी	अक्षय ऊर्जा प्रमाण-पत्र
आरईआरसी (राविविआ या आयोग)	राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग
आरपीओ	अक्षय क्रय बाध्यता

एसएलडीसी	राज्य भार प्रेषण केन्द्र
एसएम	सौर मीटर
एसपीवी	सौर फोटो वोल्टेक

अनुलग्नक -II

नेट बिलिंग व्यवस्था या नेट मीटरिंग व्यवस्था के अन्तर्गत अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र की कनेक्टिविटी के आवेदन के लिये मॉडल प्रारूप

वितरण अनुज्ञप्तिधारी का नाम

प्रशासनिक कार्यालय का नाम

आवेदन संख्या

प्राप्ति दिनांक

1	आवेदक का नाम	
2	आवेदक का पता	
3	सर्विस कनेक्शन संख्या	
4	सर्विस कनेक्शन टैरिफ	
5	दूरभाष नम्बर	
6	ईमेल आई डी	
7	अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र क्षमता (किलोवाट)	
8	अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र ग्रिड इन्वर्टर का मेक और प्रकार	
9	अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र ग्रिड इन्वर्टर में स्वतः पृथक्करण सुरक्षा उपलब्ध है (हाँ/नहीं) ?	
10	क्या अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र मीटर अधिष्ठापित है	

	(हाँ/नहीं) ?	
11	अक्षय ऊर्जा तंत्र के प्रारम्भ होने की प्रत्याशित दिनांक	
12	विनियमों के अधीन अपेक्षित मानकों के लिये अक्षय ऊर्जा तंत्र/इन्वर्टर के परीक्षण प्रमाण-पत्रों का ब्यौरा	

आवेदक के हस्ताक्षरः

दिनांकः

आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों की सूची (अपलोड किये जावें -कोई भौतिक प्रतियां नही)

1. नवीनतम प्रदत विद्युत बिल की प्रति।

2. साझेदारी फर्मों के मामलें में हस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में सामान्य मुख्तारनामा; कम्पनियों के मामलें में संबंधित वितरण अनुज्ञप्तिधारी के व्यवहार करने हेतु हस्ताक्षकरर्ता को प्राधिकृत करते हुये निदेशक मण्डल द्वारा पारित रिजाल्यूशन की प्रमाणित सही प्रति (जैसा लागू हो)।

3. अक्षय ऊर्जा उत्पादन तंत्र, इन्वर्टर और तंत्र के अन्य उपकरण जिन्हें स्थापित किये जाना प्रस्तावित किया गया है, के तकनीकी विवरण।

